# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

सितम्बर, 2011 (अंक 212) | September, 2011 (Issue 212)




श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, केंद्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बचत संस्थान, नागपुर द्वारा आयोजित हिन्दी पखवाडा का परम्परागत दीप प्रज्वलीत कर उद्घाटन करते हुए दिखाई दे रहे है । साथ ही (बाये से दाये) श्री. जे. पी. सिंह, सहायक निदेशक (राजभाषा) तथा श्री. एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक एवं राजभाषा प्रभारी केंद्रीय कार्यालय, नागपुर दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा 1-14 सितम्बर तक हिन्दी पखवाडा का आयोजन ।

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने केन्द्रीय कार्यालय नागपुर मे सितम्बर 2011 के दौरान हिन्दी पखवाडा का आयोजन किया । इस पखवाडे के आयोजन का मुख्य उद्देश कर्मचारियों के द्वारा उनके दैनंदिन कार्यो मे राजभाषा के प्रयोग को बढाना था । श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने परम्परागत दीप प्रज्वलित करते हुए हिन्दी पखवाडा का उद्घाटन किया । उन्होने अपने उद्घाटन संबोधन मे कहा कि हिन्दी पुरे देश के लोगों की संप्रेषण की जीवन रेखा है । उन्होने समस्त कर्मियो से अपिल किया कि वे गृह मंत्रालय, राजभाषा एवं वित्त मंत्रालय के द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करे । श्री. एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेश एवं राजभाषा प्रभारी ने हिन्दी पखवाडा मनाने के उद्देश एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला एवं दैनंदिन कार्यो मे ज्यादा से ज्यादा हिन्दी के प्रयोग पर दिया । इस अवसर पर माननीय वित्त मंत्री, भारत सरकार से प्राप्त संदेश को पढा गया ।

इस पखवाडे के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताए जैसे निबन्ध, काव्य पाठ तथा सामान्य ज्ञान इत्यादि । पखवाडा के समापन कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेताओं को श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान के हाथो पुरस्कार वितरण किये गये । श्री. जे. पी. सिंह, सहायक निदेशक (राजभाषा), ने हिन्दी पखवाडा समारोह का समन्वय किया । राष्ट्रीय बचत संस्थान के पूरे देश के क्षेत्रीय केन्द्रो मे भी हिन्दी पखवाडा का आयोजन किया गया ।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्रीमती शेऊली बर्मन, निदेशक डाक, श्रीमती सरोज नांजप्पा, मानद सहायक सचिव, शेशाद्रीपुरम स्त्री समाज माध्यमिक शाला को स्मृति चिन्ह देते हुए दिखाई दे रही है साथ ही (बाए से दाये) श्रीमती के. एम. गीता, मुख्याध्यापिका, शेशाद्रीपुरम, एवं श्री. बी. राजु बाबु, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, बैंगलोर भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश मे संचायिका दिवस मनाया

राष्ट्रीय बचत संस्थान प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को संचायिका दिवस मनाता है । इस वर्ष भी पुरे देश मे 15 सितम्बर 2011 को पुरे देश के क्षेत्रीय निदेशको के मुख्यालयो मे संचायिका दिवस मनाया गया । संचायिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश स्कूल/कालेजो मे बचत की आदत का विकास करना तथा बैंकिंग एवं लेखा कार्य पद्धति की जानकारी देना एवं उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है क्योंकि वे भविष्य के नागरिक है ।

संचायिका एक स्कूल बचत बैंक है जो विद्यार्थीयों द्वारा विद्यार्थियों के लिए चलाई जाती है । संचायिका योजना के अंतर्गत जो रकम जमा होती है उसे डाकघर बचत खाता मे जमा कर दिया जाता है जो प्राचार्य/ मुख्याध्यापक द्वारा बनाये गये ट्रस्टी जिसमे स्कूल /कालेज के दो विद्यार्थी प्रतिनिधी के रूप मे होते है । विद्यार्थियों से एक निश्चित दिन बचत राशि एकत्रितकर उनके पासबुक मे प्रविष्टियाँ दर्ज कर उन्हे वापिस कर दी जाती है । राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संचायिका दिवस के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे निबन्ध, भाषणकला, प्रश्नमंच इत्यादि एवं प्रतियोगिता के विजेताओ एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये । कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा विद्यार्थीयों में वित्तिय साक्षरता विकसित करने हेतु अदा की गई भूमिका की सराहना की । क्षेत्रीय केन्द्रो द्वारा आयोजित संचायिका दिवस समारोह को देश भर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा प्रचार किया गया । संचायिका दिवस पर एक विशेष विज्ञापन डी. ए. वी. पी. के माध्यम से पुरे देश के चुनिंदा समाचार पत्रो मे जारी किया ।



श्री. संदीप हंस, निदेशक, लोक सूचना (पब्लिक इन्सट्रक्शन) केंद्र शासित चंदीगढ़ एवं मुख्य अतिथि चंडीगढ़ के उत्कृष्ट संचायिका स्कूल को ट्राफी पुरस्कार देते हुए । श्री राकेश सूद, प्राचार्य, शासकीय मॉडेल उच्च शाला, सेक्टर 36-डी, चंदीगढ़ राज्य स्तरीय संचायिका पुरस्कार-2011 लेते हुए तथा श्री. राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ भी दिखई दे रहे है ।




श्री. ए. के. चौहान, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ), राष्ट्रीय बचत संस्थान, दिल्ली एक खिड़की योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय समन्वय समिति के प्रतिनिधियों से वार्तालाप करते हुए दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्था दिल्ली ने एक खिड़की योजना के अंतर्गत शिकायतो कें निवारण हेतु राज्य स्तरीय समन्वय समिति का दिल्ली में आयोजन किया ।

श्री. ए. के. चौहान, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ), राष्ट्रीय बचत संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, दिल्ली ने 20-9-2011 को जवाहर लाल नेहरू यूथ सेन्टर, नई दिल्ली मे अपनी अध्यक्षता मे एक खिड़की योजना के अंतर्गत शिकायतों के निवारण हेतु राज्यस्तरीय समन्वय समिति का आयोजन किया । बैठक में डाक विभाग, अल्प बचत विभाग, बैंक संगठन एवं अल्प बचत अभिकर्ता संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । श्री. ए. के. चौहान, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ), राष्ट्रीय बचत संस्थान, नई दिल्ली केन्द्र ने समन्वय समिति के अंतर्गत राष्ट्रीय बचत उत्पादो के विभिन्न वितरण माध्यमों के संबन्ध में राज्य स्तरीय समन्वय समिति के अंतर्गत एक खिड़की योजना के महत्व का उल्लेख किया । इस बैठक में विभिन्न मुद्दो पर भी चर्चा की गई, जैसे डाक विभाग द्वारा स्त्रोत पर कर कटौति न करना, पी. पी. एफ. खाता संबंधित स्पष्टीकरण, एसएलएएएस-5 कार्डो का वितरण और राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों द्वारा पीपीएफ एवं एस. सी. एस. एस. के बारे में बैंक के स्टाफ को प्रशिक्षण दिलाना ।

बैठक में शामिल अन्य सदस्य जैसे श्री. एल. एम. गाँधी, उप नियंत्रक, भारतीय स्टेट बैंक, दिल्ली, श्री. एस. आर. एस. गिल, सहायक लेखा अधिकारी, निदेशालय अल्पबचत एवं लाटरी, दिल्ली, श्री. एस. सी. वर्मा, मुख्य प्रबन्धक, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, श्री. आर. सुंदराजन, सिंडीकेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली, श्री. पी. एन. पाण्डे, सहायक महाप्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एवं जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली, श्री. बी. बी. प्रेमी, प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक, डिवीजनल कार्यालय, नई दिल्ली, श्री. बी. डी. वासी, सहाय्यक महाप्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ोदा क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली, श्री. करण कक्कर, वरिष्ठ प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ोदा, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली । श्री. बी. एस. बिष्ट, प्रबंधक (एफ.एस.) चीफ पोस्टमास्टर जनरल, डाक विभाग, दिल्ली, श्री. मनिष वर्मा, प्रबन्धक, आई. सी. आई. सी. आई बैंक, कनाट प्लेस, दिल्ली, श्री. एस. के. चौहान, प्रबन्धक, स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर, नई दिल्ली, श्री. पवन प्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता संघ वेलफेअर कमिटी, दिल्ली, श्री. अरुण कुमार, महासचिव, राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता संघ वेलफेअर कमिटी, दिल्ली, श्री. के. आर. चौहान, उप निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, दिल्ली ।




दि. 15 सितबर 2011 का क्षेत्रिय केन्द्र, गुवाहाटी द्वारा नगेनगी हायस्कूल, गुवाहाटी में आयोजित संचायिका दिवस के अवसरपर स्कूली छात्र तत्काल भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते हुये ।